शिक्षकों ने बनाई आन्दोलन की रणनीति, 16 से अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी

बस्ती। परिषदीय शिक्षकों की लंबित पदोन्नति, प्रभारी प्रधानाध्यापकों को प्रधानाध्यापक पद के अनुरूप वेतन भुगतान और बकाया एरियर सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। जिला कार्यकारिणी के निर्णय के अनुसार 16 नवंबर से बीएसए कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। वहीं, प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर 18 नवंबर को भी बीएसए कार्यालय पर जिला स्तरीय धरना-प्रदर्शन आयोजित होगा।आंदोलन की रणनीति तैयार करने और शिक्षकों की समस्याओं पर विचार-विमर्श के लिए शुक्रवार को प्रेस क्लब सभागार में संघ की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मांडलिक मंत्री एवं जिलाध्यक्ष चंद्रिका सिंह ने की। इसमें पदोन्नति, वेतन भुगतान, संगठनात्मक निर्वाचन, शैक्षिक सत्यापन सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि शिक्षकों की पदोन्नति लंबे समय से लंबित है। इससे पात्र शिक्षकों को उनके अधिकार और सेवा लाभ से वंचित रहना पड़ रहा



है। विभाग को बिना अनावश्यक देरी किए पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन शिक्षकों के सम्मान, अधिकार और सेवा संबंधी मामलों को लेकर गंभीर है। मांगों के समाधान के लिए जिला स्तर पर अनिश्चितकालीन धरने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने शिक्षकों से एकजुट होकर आंदोलन में सहभागिता करने की अपील की। संघ के मंत्री बालकृष्ण ओझा ने प्रभारी प्रधानाध्यापकों के वेतन भुगतान का मुद्दा उठाते हुए कहा कि प्रभारी प्रधानाध्यापकों के वेतन और लंबे समय से लंबित बकाया भुगतान का निस्तारण प्राथमिकता पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक पूरी जिम्मेदारी से विद्यालय का संचालन कर रहे हैं, ऐसे में उनके वित्तीय और सेवा संबंधी मामलों को लंबित रखना उचित नहीं है।

विभाग को इस दिशा में ठोस कदम उठाना चाहिए। जिला कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव ने कहा कि शिक्षकों की समस्याएं केवल पदोन्नति और वेतन तक सीमित नहीं हैं। उन्होंने शिक्षकों के शैक्षिक सत्यापन की प्रक्रिया रोके जाने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सत्यापन के नाम पर शिक्षकों को अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। प्रक्रिया पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरी की जानी चाहिए। बैठक में बस्ती सदर ब्लॉक के संगठनात्मक निर्वाचन को लेकर भी चर्चा हुई। इसके साथ ही ब्लॉकवार शिक्षकों की समस्याओं की समीक्षा कर उनके निस्तारण की रणनीति बनाई गई। पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन शिक्षकों के हितों से जुड़े प्रत्येक मुद्दे पर संघर्ष करेगा। बैठक में स्पष्ट किया गया कि 16 नवंबर से जिला कार्यकारिणी के निर्णय पर बीएसए कार्यालय में अनिश्चितकालीन धरना शुरू होगा, जबकि 18 नवंबर को प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर जिला स्तर पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। संघ ने शिक्षकों से दोनों कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता की अपील की।

बैठक में मुख्य रूप से हरेंद्र यादव, अविनाश चन्द्र दूबे, बृजेश कुमार सिंह, चंद्रशेखर पाण्डेय, बब्बन पाण्डेय, प्रद्युम्नधर द्विवेदी, विनय सिंह, बृजेश कुमार त्रिपाठी, डॉ अनूप सिंह, बिंदेश्वरी मिश्र, नंदलाल, शिवरतन, रमेश विश्वकर्मा, मंगल मौर्य, राजेश यादव, अनिल कुमार, राजेश गिरी, संतोष कुमार मिश्र, रजनीश यादव, अशोक यादव, उमाशंकर, अमित सिंह, चितरंजन, हरि गोपाल शुक्ल, सुधीर कुमार, अखिलेश पाण्डेय, मुरलीधर, अटल बिहारी उपाध्याय, रंजन सिंह, दिनेश सिंह, राम भवन यादव, अश्वनी पाण्डेय, अनिल कनौजिया, प्रवीण श्रीवास्तव, हृदय विकास पाण्डेय, संजय यादव, विजय यादव, सुधीर तिवारी, समीउल्लाह अंसारी आदि उपस्थित रहे।

नहाय खाय के साथ महिलाओं ने शुरू किया छठ का व्रत

हर्रैया (बस्ती)। लोक आस्था के महापर्व छठ की शुरुआत शुक्रवार को नहाय खाय के साथ हुई। सुबह से ही क्षेत्र की महिलाओं ने परंपरागत श्रद्धा और नियम के साथ चार दिवसीय छठ व्रत की शुरुआत किया।

ब्रह्ममुहूर्त में महिलाएं मनोरमा नदी के घाटों पर पहुंचीं और स्नान कर पवित्रता के साथ व्रत का संकल्प लिया। नहाय खाय के दिन महिलाओं ने कद्दू-भात का प्रसाद तैयार कर भोजन ग्रहण किया जो छठ पूजा का पहला अनुष्ठान है। छठ को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही घाटों पर साफ-सफाई का विशेष प्रबंध किया गया था। नगर पंचायत द्वारा घाटों पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कर साफ-सफाई कराई गई। छठ को लेकर कस्बे में सुबह से ही चहल-पहल रही। फलों, सूप, दउरा, नारियल, नींबू, गन्ना, ठेकुआ के लिए गेहूं का आटा और गुड़ की खरीदारी के लिए दुकानों पर भीड़ देखी गई। केला, सेब, नारियल, शकरकंदी, मूली, अदरक की बिक्री खूब हुई।महिलाओं ने बताया कि शनिवार को खरना होगा जिसमें गुड़ की खीर और रोटी का प्रसाद तैयार कर सूर्यास्त के बाद व्रत खोला जाएगा।



इसके बाद 36 घंटे का निर्जला व्रत रखा जाएगा। छठ व्रत के तीसरे दिन रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। चौथे दिन सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रती महिलाएं पुत्र के दीर्घायु की कामना के साथ पारण किया। घाटों पर सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। इस दौरान पुलिस पूरी तरह सतर्क रही।

सड़क हादसे में एक की मौत,दो घायल

बभनान बस्ती पैकोलिया थाना क्षेत्र के बभनान हरैया मार्ग पर इटवा कुनगाई स्कूल के पास सायं काल तकरीबन तीन बजे एक हादसा हो गया। जिसमें एक महिला की मौत हो गई।दो लोग गंभीर हालत में है। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

जानकारी के अनुसार बभनान-हरैया मार्ग पर इटवा विद्यालय के आसपास दो बाईकों के आपस में भिड़ंत का मामला सामने आया है । एक आटो रिक्शा बभनान की तरफ से परसा तिराहे की तरफ़ आ रहा था दो बाईकों की भिड़ंत के दरम्यान तुरंत बाद आटो-रिक्शा भी पहुंच गया और अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। जिसमें बैठे कुछ लोगों को चोटें आईं जबकि इटवा निवासिनी छांगुर पत्नी रामबक्स करीब 55 वर्षीया को गंभीर चोटें लगीं उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरैया भेजा गया जहां उपचार के दौरान डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरी घटना लालपुर पंडित चौराहे की है शिवप्रसाद मिश्र पुत्र बलदेव निवासी मिश्रौलियाधीश थाना परशुरामपुर समृद्धि पुत्री रिंकू 14 वर्षीया को बैठाकर परसा तिराहे की तरफ जा रहे थे करीब दोपहर दो बजे किसी अज्ञात ब्रेजा कार की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार दोनों नीचे गिर पड़े। गंभीर रूप से चोटें लगने पर उपचार के लिए प्राइवेट वाहन से अस्पताल भेजा गया।

भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष वरूण पाण्डेय का नेताओं, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

बस्ती। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष वरूण पाण्डेय का शुक्रवार को पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों ने रेलवे स्टेशन से भाजपा कार्यालय तक स्थान-स्थान पर फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष वरूण पाण्डेय ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है, नौजवानों, किसानों के साथ ही समाज के सभी वर्गो के उत्थान और केन्द्र, राज्य सरकार के कल्याणकारी योजनाओं को पात्रों तक पहुंचाने की दिशा में जमीनी स्तर पर उनका प्रयास जारी रहेगा। भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष वरूण पाण्डेय का रेलवे स्टेशन एवं अन्य स्थानों पर किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष गोपेश्वर त्रिपाठी, क्षेत्रीय अध्यक्ष रामानन्द 'नन्हें', पूर्व विधायक दयाराम चैधरी, सीए. चन्द्र प्रकाश शुक्ल, रवि सोनकर अंकुर वर्मा, राना दिनेश प्रताप सिंह, ममता पाण्डेय, आलोक पाण्डेय, अमृत कुमार वर्मा, प्रत्युष विक्रम सिंह, पिन्टू तिवारी, दुष्यंत विक्रम सिंह, अभिषेक कुमार, अरविन्द पाल, आशीष शुक्ल, दिलीप पाण्डेय, अमन शुक्ल, तारक जायसवाल, अभिनव उपाध्याय, अमित शुक्ल, अतुल पाण्डेय, अनिल पाण्डेय, डी.के. महाजन, आलोक मिश्र, अजीत



शुक्ल, राकेश पाण्डेय, अमित जायसवाल, शुभम जायसवाल, राधेश्याम कमलापुरी, राजेश कमलापुरी, राधेश्याम जायसवाल, मनोज तिवारी, बब्बू मिश्र, जय प्रकाश गोस्वामी, मदन शुक्ल, बलराम सिंह राहुल, प्रत्युष तिवारी के साथ के साथ ही भाजपा के अनेक नेताओं, कार्यकर्ताओं ने सिद्धि विनायक मैरेज हाल, दक्षिण दरवाजा, पाण्डेय इण्टर कालेज, रोडवेज, गांधीनगर, कम्पनीबाग, शास्त्री चैक और भाजपा कार्यालय पर फूल मालाओं के साथ स्वागत किया।

जानलेवा हो गये हैं बांस बल्लियों पर दौड़ाये गये बिजली के तार

बस्ती। सदर विकास क्षेत्र के पचपेड़िया रोड स्थित डड़वा मोहल्ले मे बांस बल्लियों के सहारे खींचे गये बिजली के तार जानलेवा हो गये हैं। राहगीरों और मोहल्लावासियों पर खतरा मड़ रहा है। समस्या के निस्तारण के लिये मोहल्ले के लोगों ने कई बार आावाज उठाया लेकिन जिम्मेदारों ने मौन साध रखा है। दरअसल घटनाओं के बाद जागने की परंपरा कायम है। अभी बिजली के तारों की चपेट मे आने से किसी की मौत हो जो तो पूरा प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच जायेगा, आनन फानन मे बिजली के पोल लग जायेंगे और हो सकता है एक दो कर्मचारी सस्पेन्ड हो जायें। लेकिन जनता पहले से सावधान कर रही है तो जिम्मेदारों को यह फालतू काम लग रहा है।यही कारण है कि ऐसी शिकायतों को प्रशासन या सम्बन्धित विभाग डस्टबिन मे डाल देता है। जबकि बिजली के तार इतने ढीले हो गये हैं कि जमीन छू रहे हैं या जमीनों पर ही रखे गये हैं। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि दो लोग बिजली की



चपेट मे आ चुके हैं, दो मवेशियों की मौत हो चुकी है। मोहल्ले मे सैकड़ों कनेक्शन धारक हैं लेकिन बिजली के खंभे उतनी संख्या मे नही लगे हैं।मोहल्ले वालों ने अधीक्षण अभियन्ता को प्रार्थना पत्र देकर मांग किया है कि बिजली के पोल लगवाकर तारों को पोल से खिंचवाया जाये, जिससे कोई खतरा न रहे और यहां के निवासी तथा राहगीर बेफिक्र होकर आ जा सकें। अधीक्षण अभियन्ता को प्रार्थना पत्र देने वालों मे प्रमुख रूप से रिपुदमन सिंह, सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव, प्रवीण कुमार गौतम, सुरेश कुमार शुक्ला, पारस चैधरी, राकेश चैधरी, भगवान चैधरी आदि शामिल थे।

सनातन धर्म संस्था श्रीरामलीला महोत्सवः श्रीराम ने किया ताड़का वध, फुलवारी की मनोहारी लीला का मंचन

बस्ती। सनातन धर्म संस्था द्वारा सातवें वर्ष आयोजित श्रीरामलीला महोत्सव के दूसरे दिन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के बीच भगवान श्रीराम की विभिन्न लीलाओं का भव्य मंचन किया गया। प्रथम सत्र में ओमनी इंटरनेशनल स्कूल के बाल कलाकारों ने मुनि विश्वामित्र आगमन, ताड़का वध, सुबाहु वध, अहिल्या उद्धार एवं गंगा अवतरण की लीला का सजीव मंचन किया। वहीं दूसरे सत्र में सेंट फ्रांसिस स्कूल, बस्ती के बाल कलाकारों ने जनकपुर नगर भ्रमण एवं फुलवारी की मनोहारी लीला प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।

श्रीराम जी एवं लक्ष्मण जी की आरती तथा श्रीराम स्तुति के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालु रामलीला के विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण आनंद लेते रहे।कार्यक्रम में डॉ शैलेश सिंह ने श्रीराम जी की महिमा, रामलीला के महत्व एवं अहिल्या उद्धार प्रसंग के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान श्रीराम के जीवन दर्शन का श्रवण एवं दर्शन करने से जीवन के दुखों को दूर करने की प्रेरणा मिलती है। राम और रावण दोनों हमारे भीतर ही हैं, बाहर कुछ नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि हमारे आंतरिक द्वंद्व में रामत्व प्रभावी हो। ऐसे आयोजन केवल मनोरंजन का नहीं, बल्कि जीवन में नैतिक मूल्यों के संस्कार का विषय हैं। अहिल्या का जीवन धैर्य की पराकाष्ठा का प्रतीक है। रामायण हमें यह संदेश देती है कि बुराइयों की शक्ति क्षीण होती है और ईश्वर समय-समय पर अवतरित होकर अच्छाइयों को स्थापित करते हैं।व्यास राम कृष्ण मिश्र ने कथा सूत्र का वर्णन करते हुए बताया कि मुनि विश्वामित्र यज्ञ की रक्षा के लिए अयोध्या पहुंचे और राजा दशरथ से श्रीराम एवं लक्ष्मण को अपने साथ ले जाने का आग्रह



किया। गुरु वशिष्ठ के समझाने पर राजा दशरथ ने दोनों राजकुमारों को मुनि विश्वामित्र के साथ भेज दिया।मार्ग में मुनि विश्वामित्र ने दोनों राजकुमारों को ताड़का नामक राक्षसी के आतंक के विषय में बताया। इसी दौरान ताड़का ने उन पर आक्रमण करने के उद्देश्य से आक्रमण करने पहुंचे। भगवान श्रीराम ने उनका सामना करते हुए यज्ञ की रक्षा की और राक्षसी शक्तियों का अंत किया।आगे की यात्रा में भगवान श्रीराम ने अपने चरणों की रज से अहिल्या का उद्धार किया। इसके बाद मुनि विश्वामित्र ने दोनों राजकुमारों को मां गंगा के पृथ्वी पर अवतरण की पावन कथा सुनाई। गंगा स्नान एवं ब्राह्मणों को दान-दक्षिणा देने के पश्चात सभी जनकपुर की ओर प्रस्थान करते हैं।ओमनी इंटरनेशनल स्कूल के बाल कलाकारों द्वारा प्रस्तुत ताड़का वध, सुबाहु वध, अहिल्या उद्धार एवं गंगा अवतरण के प्रसंगों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।फुलवारी लीला में श्रीराम और माता सीता के प्रथम दर्शन का हुआ मनोहारी मंचन आनन्द देने वाला था। दूसरे सत्र में सेंट फ्रांसिस स्कूल, बस्ती के बाल कलाकारों ने जनकपुर नगर भ्रमण एवं फुलवारी प्रसंग का अत्यंत सुंदर मंचन किया। लीला के प्रारंभ में भगवान श्रीराम एवं लक्ष्मण जी गुरु विश्वामित्र के साथ मिथिला पहुंचे, जहां राजा जनक ने उनका स्वागत किया। जनकपुर के दो बालकों से भगवान श्रीराम की मित्रता होती है। इसके बाद दोनों राजकुमार नगर भ्रमण करते हुए वहां के भवनों एवं विभिन्न प्रतिष्ठानों का अवलोकन करते हैं। गुरु विश्वामित्र की आज्ञा से दोनों राजकुमार राजा जनक के सुंदर उद्यान में प्रवेश करते हैं। बगीचे की अनुपम सुंदरता दोनों को मंत्रमुग्ध कर देती है। उद्यान के उत्तरी छोर पर मां गिरिजा का अत्यंत सुंदर मंदिर स्थित है, जहां जनकनंदिनी माता सीता अपनी सखियों के साथ गौरी पूजन के लिए पहुंचती हैं।इसी दौरान एक सखी भगवान श्रीराम एवं लक्ष्मण के अद्भुत रूप-सौंदर्य को देखकर मुग्ध हो जाती है और माता सीता के पास जाकर श्रीराम के अलौकिक सौंदर्य का वर्णन करती है। यह सुनकर माता सीता के मन में भी प्रभु श्रीराम के दर्शन की इच्छा जागृत होती है। जब माता सीता और भगवान श्रीराम एक-दूसरे को देखते हैं तो दोनों के हृदय में प्रेम एवं आकर्षण का भाव जागृत होता है। कुछ क्षणों तक दोनों एक-दूसरे को निहारते रहते हैं। इसके बाद माता सीता मां गिरिजा का पूजन कर महल लौट जाती हैं और भगवान श्रीराम एवं लक्ष्मण पुष्प लेकर गुरु विश्वामित्र के आश्रम पहुंच जाते हैं।फुलवारी प्रसंग के सुंदर दृश्य, माता सीता एवं भगवान श्रीराम के प्रथम दर्शन की भावपूर्ण प्रस्तुति और बाल कलाकारों के अभिनय ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा।कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. कैलाश नाथ दूबे, सुशील मिश्र, डॉ. रोहन दूबे, सीए अभिषेक मणि त्रिपाठी, गोपेश्वर त्रिपाठी, कर्नल केसी मिश्र, हरिशंकर त्रिपाठी, सुष्मिता सानू, सहदेव दूबे,अभिनय दूबे सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भगवान श्रीराम की आरती उतारी।इस अवसर पर अंकुर यादव, अनुराग शुक्ल, अतुल चित्रगुप्त, भोलानाथ चैधरी, अर्पित गौड़, हर्ष, विनीत, वीरेंद्र माही सिंह, डॉ. ऋचा ओझा, मान्यता, डॉ. दुर्गेश पाण्डेय, चन्दन सिंह, अभिषेक शाही, अभय त्रिपाठी, सरदार सर्वजीत सिंह, हरीश त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

नदी की अस्मिता बचाने को आगे आए लोगः आस्था, प्रार्थना के साथ हुई कुंआनो आरती

बस्ती। चित्रांश क्लब द्वारा शुक्रवार की देर शाम अमहट घाट पर सिद्धेश्वरनाथ शिव मंदिर के निकट कुआनो नदी की आरती आस्था, प्रार्थना के साथ सम्पन्न हुई। उपस्थित लोगों ने कुआनो नदी को प्रदूषण मुक्त कराने का शपथ लेने के साथ ही पवित्र कुंआनो से सुखद जीवन की प्रार्थना किया । आयोजित भण्डारे में आरती के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया। कलाकारों ने झांकी के द्वारा उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के आरम्भ में कुआनों की स्वच्छता के लिये जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी, सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव, पूर्व विधायक दयाराम चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष नेहा वर्मा, प्रतिनिधि अंकुर वर्मा, अरविन्द पाल, राना दिनेश प्रताप सिंह, दिनेश श्रीवास्तव मास्टर साहब, प्रदीप चन्द्र पाण्डेय, विनय शुक्ल, पवन कसौधन, जगदीश शुक्ल, कमलसेन के साथ ही हजारों की संख्या में लोग कुंआनो आरती के साक्षी बने। क्लब संस्थापक राजेश चित्रगुप्त, संरक्षक सन्तोष सिंह, राम कमल सिंह, अजय



कुमार श्रीवास्तव, रत्नाकर श्रीवास्तव आदर्श, राजेश श्रीवास्तव, सर्वेश श्रीवास्तव, राजन गुप्ता, अध्यक्ष शेष नरायन गुप्ता, महिला विंग अध्यक्ष संजू श्रीवास्तव आदि ने कहा कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य बस्ती जनपद की जीवन रेखा कुआनो से प्रदूषण से मुक्ति दिलाने का है. दुर्भाग्य से कुआनो फिर बीमार लग रही है. कूडा करकट, गंदा पानी खुले आम कुआनो में डाला जा रहा है. जब तक कुआनो प्रदूषण मुक्त नहीं हो जाती चित्रांश क्लब का अभियान जारी रहेगा। कलब अध्यक्ष प्रकाश मोहन श्रीवास्तव ने आगन्तुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि कुंआनों की स्वच्छता हमारा संकल्प है।अमहट घाट पर महिलाएं, बच्चे, पुरुष कुंआनो आरती के साक्षी बने। इस दौरान मंगलगान हुआ और दीप जलाकर कुआनो नदी की आरती उतारी गई। सैकड़ों हाथ कुआनों की अस्मिता बचाने को आगे आए। कुछ ही पल में समूचा घाट जगमगाने लगा. इस दौरान हर किसी ने बस्ती की पौराणिक धरोहर कुआनो को प्रदूषणमुक्त रखने का संकल्प लिया गया। मास्टर शिव के संयोजन में हुई झांकी और अमरेश पाण्डेय के धार्मिक गीतों ने वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक दयाराम चौधरी, अरविन्द पाल,राना दिनेश प्रताप सिंह, समाजसेवी मनीष मिश्रा, अंकुर वर्मा, जगदीश शुक्ल, राहुल श्रीवास्तव, रामानंद नन्हे भइया, संरक्षक परमेश्वर शुक्ल, गोपेश्वर त्रिपाठी, डा. कृष्ण कुमार प्रजापति, डा. बी.के. श्रीवास्तव, रमेश संजय, अतुल चित्रगुप्त, अवनीश सिंह, दुर्गेश श्रीवास्तव, नवीन श्रीवास्तव, राजेश, विजय सिंह, रूपेश श्रीवास्तव, सन्तोष शुक्ला, मुकेश श्रीवास्तव, दुर्गेन्द्र श्रीवास्तव, आदर्श श्रीवास्तव, अखिलेश सिंह, रणदीप माथुर, सौरभ तिवारी, मुजीब, अमृतपाल 'सनम' आशीष शुक्ल, अभिषेक गुप्ता, इस्माइल, अमित चौबे, मास्टर शिव, अमरमणि पाण्डेय, सुनील गुप्ता, दुर्गेश श्रीवास्तव, अंशुल आनन्द, राम विनय पाण्डेय, रिंकू सिंह, मनमोहन श्रीवास्तव 'काजू' राजेश श्रीवास्तव, मयंक श्रीवास्तव, रमेश श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, अपूर्व शुक्ला, सूरज गुप्ता, उमेश श्रीवास्तव, नीरज सिंह, अयाजुर्रहमान, वरूण यादव, दीपू श्रीवास्तव, अनिल पाण्डेय, अमर सोनी, जय प्रकाश उपाध्याय, अशोक , देवेन्द्र श्रीवास्तव, के साथ ही हजारों की संख्या में लोगों ने आस्था के इस महान संकल्प में योगदान दिया. प्रशासन द्वारा सुरक्षा और प्रकाश व्यवस्था का व्यापक प्रबन्ध किया गया था।

हेलीकाप्टर से पुष्पवर्षा सुरक्षा कारणों से निरस्त

बस्ती। छठ महापर्व पर छठ व्रती महिलाओं और प्रमुख मंदिरों पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराने की तैयारी को जिला प्रशासन ने सुरक्षा कारणों से निरस्त कर दिया। श्रीकृष्ण पांडेय इंटर कॉलेज परिसर में हेलीकॉप्टर उतारने के लिए हेलीपैड भी तैयार कराया गया था। गुरुवार देर रात अनुमति निरस्त होने के बाद उत्तर प्रदेश भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य एवं पहल संस्था के संस्थापक मनीष मिश्रा ने शुक्रवार को अपने आवास पर प्रेसवार्ता कर नाराजगी जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि के विकास और पहचान को आगे बढ़ाने के प्रयासों में कुछ लोग बाधा डाल रहे हैं। मनीष मिश्रा ने कहा कि हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराने का उद्देश्य व्यक्तिगत प्रचार नहीं, बल्कि की जनता का सम्मान और छठी मैया के प्रति श्रद्धा प्रकट करना था। उनका संकल्प बस्ती को देश के 100 प्रमुख विकसित जिलों की सूची में शामिल कराना है। उन्होंने कहा कि बस्ती का राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहा है, जो कुछ लोगों को पसंद नहीं आ रहा है।उन्होंने आरोप लगाया कि बस्ती का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होने के बाद कुछ लोगों ने इसे हटवाने के लिए ईमेल भेजे थे। इसी तरह पहल संस्था के बेस टू स्पेस कार्यक्रम को भी प्रभावित करने की कोशिश की गई। उनका दावा है कि कुछ लोगों ने विद्यालयों के प्रबंधकों को फोन कर कार्यक्रम में शामिल नहीं होने की चेतावनी दी। संस्था के माध्यम से बच्चों को स्पेस और रोबोटिक्स तकनीक के प्रति जागरूक करने के साथ प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। जरूरतमंद महिलाओं और विधवाओं की मदद के लिए भी संस्था काम कर रही है।मनीष मिश्रा ने कहा कि वह प्रशासन का सम्मान करते हैं और कानून का पालन करेंगे। सुरक्षा संबंधी आशंकाओं के चलते अनुमति निरस्त करने के फैसले का पालन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 15 दिसंबर या 15 जनवरी 2027 से एक महीने तक बस्ती में हेलीकॉप्टर उपलब्ध कराने की योजना है।उन्होंने छह दिसंबर को प्रेसवार्ता कर कथित साजिश में शामिल लोगों के नाम और सबूत सार्वजनिक करने की घोषणा की। संबंधित दस्तावेज प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और अन्य जांच एजेंसियों को भेजने की बात भी कही। उन्होंने छठ व्रती महिलाओं से अपील की कि वे घाटों पर अपने हाथों से पुष्पवर्षा कर पर्व की गरिमा बनाए रखें। उन्होंने कहा कि हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा नहीं हो पाने के बावजूद बस्ती के विकास और पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने का उनका संकल्प जारी रहेगा।

प्रचार सामग्रियों के दरों को लेकर की चर्चा

बस्ती। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की तैयारियों के तहत निर्वाचन में प्रयुक्त होने वाली प्रचार सामग्री, मंच, पंडाल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की दरों के निर्धारण को लेकर कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञान चन्द्र गुप्ता ने अपने चेंबर कक्ष में की।

बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचन प्रचार के दौरान उपयोग की जाने वाली सामग्रियों एवं सुविधाओं की दरों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें मंच, पंडाल, कुर्सी, टेबल, साउंड सिस्टम, वाहन



तथा अन्य प्रचार संसाधनों की दरों के निर्धारण के संबंध में विचार-विमर्श किया गया।अपर जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन के दौरान प्रत्याशियों द्वारा किए जाने वाले व्यय का सही एवं पारदर्शी लेखा-जोखा रखने के लिए विभिन्न मदों की दरों का नियमानुसार निर्धारण जरूरी है।

निर्धारित दरों के आधार पर ही निर्वाचन व्यय का आकलन किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही समय से पूरी करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कोषाधिकारी,जिला पूर्ति अधिकारी विमल शुक्ला, एआरटीओ धर्मेंद्र कुमार,उप जिलाधिकारी राजेश यादव, सहित संबंधित अधिकारी व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

मतदान, शुद्ध मतदाता सूची विषयक निबंध प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत

बस्ती। शुक्रवार को श्रीकृष्ण पाण्डेय इंटर कालेज के सभागार में मतदाता साक्षरता क्लब से सम्बंधित निबंध व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गयी। विजेताओं को प्रधानाचार्य योगेश शुक्ल ने पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुपालन में जिला विद्यालय निरीक्षक के मार्गदर्शन में करायी गयी क्विज प्रतियोगिता में श्रीकृष्ण पांडेय इंटर कालेज के अंश राव ने प्रथम स्थान हासिल किया। बेगम खैर कन्या इंटर कालेज की अरीबा खातून दूसरे और बाबूराम इंटर कालेज महुडर के आदित्य भट्ट तीसरे स्थान पर रहे।मतदान व शुद्ध



मतदाता सूची की महत्ता विषयक निबंध प्रतियोगिता में बेगम खैर की सुमैया खातून ने पहला, महुडर के आदित्य भट्ट ने दूसरा व राजकीय कन्या की यशस्वी ने तीसरा स्थान हासिल किया।

सभी विजेताओं को प्रधानाचार्य योगेश शुक्ल ने पुरस्कृत करते हुए प्रोत्साहित किया कि वे प्रतियोगिताओं में बढचढ.कर भाग लें। कार्यक्रम में देवेन्द्र तिवारी, गिरीश चैबे,अजय कुमार,अन्नपूर्णा पाण्डेय,रीतू गुप्ता,राम मोहन सिंह,प्रियंका सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे।